**Series : QSR5P**

**SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code** **56/5/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं। | (I) Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **33** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **33** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** [] | (IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# रसायन विज्ञान (सैद्धान्तिक)
# CHEMISTRY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **70***
*Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **33** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ,** एवं **ङ**।

*(iii)* **खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।

*(iv)* **खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **17** से **21** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है।

*(v)* **खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **22** से **28** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।

*(vi)* **खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **29** तथा **30** केस-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।

*(vii)* **खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है।

*(viii)* प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त अन्य सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।

*(ix)* ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए अलग प्रश्न-पत्र है।

*(x)* कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है।

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रकार के **1** अंक के प्रश्न हैं।* *16×1=16*

**1.** कार्बिलऐमीन अभिक्रिया का मुख्य उत्पाद है :

(A) कार्बोक्सिलिक अम्ल (B) ऐल्डिहाइड

(C) सायनाइड (D) आइसोसायनाइड

**2.** निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए तथा A और B की पहचान कीजिए :

$$CH_3Cl + NaI \xrightarrow{\text{शुष्क ऐसीटोन}} A + B$$

(A) $A = CH_3I, B = NaCl$

(B) $A = CH_3OH, B = NaCl$

(C) $A = CH_3CHO, B = NaCl$

(D) $A = C_2H_6, B = CH_3I$

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **33** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** sections – **Section A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – questions number **1** to **16** are multiple choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – questions number **17** to **21** are very short answer type questions. Each question carries **2** marks.*

*(v)* ***Section C** – questions number **22** to **28** are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vi)* ***Section D** – questions number **29** and **30** are case-based questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – questions number **31** to **33** are long answer type questions. Each question carries **5** marks.*

*(viii)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions in all the sections except Section A.*

*(ix)* *Kindly note that there is a separate question paper for Visually Impaired candidates.*

*(x)* *Use of calculator is **not** allowed.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **16** are Multiple Choice type Questions, carrying **1** mark each.* *16×1=16*

**1.** The major product of carbylamine reaction is :

(A) Carboxylic acid (B) Aldehyde

(C) Cyanide (D) Isocyanide

**2.** Consider the following reaction and identify A and B :

$$CH_3Cl + NaI \xrightarrow{\text{dry acetone}} A + B$$

(A) $A = CH_3I$, $B = NaCl$

(B) $A = CH_3OH$, $B = NaCl$

(C) $A = CH_3CHO$, $B = NaCl$

(D) $A = C_2H_6$, $B = CH_3I$

**3.** किसी कीटोन को हाइड्रोकार्बन में रूपान्तरण करने के लिए निम्नलिखित अभिक्रियाओं में से कौन-सी प्रयुक्त होती है ?

(A) राइमर-टीमन अभिक्रिया
(B) वोल्फ-किश्नर अपचयन
(C) ऐल्डोल संघनन
(D) स्टीफेन अभिक्रिया

**4.** हॉफमान ब्रोमामाइड निम्नीकरण अभिक्रिया द्वारा प्राथमिक ऐमीनों के विरचन के लिए निम्नलिखित में से कौन-से अभिकर्मक प्रयुक्त होते हैं ?

(i) $R-\overset{\overset{O}{||}}{C}-NH_2$
(ii) $NaOH$
(iii) $Br_2$
(iv) $CHCl_3$

(A) (i), (ii) और (iv)
(B) (i) और (iii)
(C) (i), (ii) और (iii)
(D) (i), (iii) और (iv)

**5.** हिन्सबर्ग अभिकर्मक का सही सूत्र है :

(A) $C_6H_5COCl$
(B) $C_6H_5SO_2Cl$
(C) $C_6H_5CONHCH_3$
(D) $C_6H_5CH_2NH_2$

**6.** ऐक्टिनॉयड बड़ी संख्या में ऑक्सीकरण अवस्थाएँ दर्शाती हैं :

(A) क्योंकि उनकी प्रकृति रेडियोऐक्टिव होती है
(B) क्योंकि उनके परमाणु क्रमांक बड़े होते हैं
(C) क्योंकि उनके परमाणु द्रव्यमान बड़े होते हैं
(D) 5f, 6d तथा 7s कक्षकों की समतुल्य ऊर्जा के कारण

**7.** प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक ऐल्कोहॉलों के मध्य निम्नलिखित में से किसके द्वारा विभेद किया जा सकता है ?

(A) लुकास परीक्षण
(B) फेलिंग परीक्षण
(C) टॉलेन्स परीक्षण
(D) हिन्सबर्ग परीक्षण

**3.** Which of the reactions is used in the conversion of a ketone into hydrocarbon ?

(A) Reimer-Tiemann reaction

(B) Wolff-Kishner reduction

(C) Aldol condensation

(D) Stephen reaction

**4.** Which of the following reagents are used to prepare primary amines by Hoffmann bromamide degradation reaction ?

(i) $R-\overset{\overset{\displaystyle O}{\|}}{C}-NH_2$

(ii) NaOH

(iii) $Br_2$

(iv) $CHCl_3$

(A) (i), (ii) and (iv)

(B) (i) and (iii)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (i), (iii) and (iv)

**5.** The correct formula of Hinsberg's reagent is :

(A) $C_6H_5COCl$

(B) $C_6H_5SO_2Cl$

(C) $C_6H_5CONHCH_3$

(D) $C_6H_5CH_2NH_2$

**6.** Actinoids show larger number of oxidation states :

(A) because they are radioactive in nature

(B) because they have large atomic numbers

(C) because they have large atomic masses

(D) due to comparable energies of 5f, 6d and 7s orbitals

**7.** Primary, secondary and tertiary alcohols can be distinguished by :

(A) Lucas test

(B) Fehling's test

(C) Tollens' test

(D) Hinsberg's test

**8.** निम्नलिखित यौगिकों पर विचार कीजिए :

$C_2H_5NH_2$, $(C_2H_5)_2NH$, $C_6H_5CH_2NH_2$, $NH_3$, $C_6H_5NH_2$

उपर्युक्त यौगिकों का उनकी क्षारकीय प्रबलता के आधार पर सही आरोही क्रम है :

(A) $C_6H_5NH_2 < NH_3 < C_6H_5CH_2NH_2 < C_2H_5NH_2 < (C_2H_5)_2NH$

(B) $NH_3 < C_6H_5NH_2 < C_6H_5CH_2NH_2 < C_2H_5NH_2 < (C_2H_5)_2NH$

(C) $C_6H_5CH_2NH_2 < (C_2H_5)_2NH < NH_3 < C_6H_5NH_2 < C_2H_5NH_2$

(D) $C_2H_5NH_2 < C_6H_5NH_2 < NH_3 < C_6H_5CH_2NH_2 < (C_2H_5)_2NH$

**9.** निम्नलिखित में से पॉलिसैकेराइड को पहचानिए :

(A) फ्रक्टोस (B) माल्टोस

(C) ग्लूकोस (D) सेलुलोस

**10.** किसी प्रोटीन की पॉलिपेप्टाइड श्रृंखला में ऐमीनो अम्ल एक दूसरे से एक विशिष्ट क्रम में संयुक्त होते हैं। ऐमीनो अम्लों का यह विशिष्ट क्रम कहलाता है :

(A) प्रोटीन की प्राथमिक संरचना

(B) प्रोटीन की द्वितीयक संरचना

(C) प्रोटीन की तृतीयक संरचना

(D) प्रोटीन की चतुष्क संरचना

**11.** किसी प्रथम कोटि अभिक्रिया की अर्ध-आयु $(t_{1/2})$ 1386 s है। वेग स्थिरांक का मान है :

(A) $0{\cdot}5 \times 10^{4}\ s^{-1}$

(B) $5{\cdot}0 \times 10^{-4}\ s^{-1}$

(C) $0{\cdot}5 \times 10^{-5}\ s^{-1}$

(D) $0{\cdot}5 \times 10^{-2}\ s^{-1}$

**12.** निम्नलिखित लिगन्डों में से कौन-सा कीलेट संकुल बनाता है ?

(A) अमोनिया

(B) जल

(C) $NO_2^-$

(D) ऑक्सैलेट आयन

**8.** Consider the following compounds :

$C_2H_5NH_2$, $(C_2H_5)_2NH$, $C_6H_5CH_2NH_2$, $NH_3$, $C_6H_5NH_2$

The correct increasing order of the above compounds on the basis of their basic strength is :

(A) $C_6H_5NH_2 < NH_3 < C_6H_5CH_2NH_2 < C_2H_5NH_2 < (C_2H_5)_2NH$

(B) $NH_3 < C_6H_5NH_2 < C_6H_5CH_2NH_2 < C_2H_5NH_2 < (C_2H_5)_2NH$

(C) $C_6H_5CH_2NH_2 < (C_2H_5)_2NH < NH_3 < C_6H_5NH_2 < C_2H_5NH_2$

(D) $C_2H_5NH_2 < C_6H_5NH_2 < NH_3 < C_6H_5CH_2NH_2 < (C_2H_5)_2NH$

**9.** Identify the polysaccharide among the following :

(A) Fructose

(B) Maltose

(C) Glucose

(D) Cellulose

**10.** The polypeptide chain in a protein has amino acids linked with each other in a specific sequence. This specific sequence of amino acids is called :

(A) Primary structure of protein

(B) Secondary structure of protein

(C) Tertiary structure of protein

(D) Quaternary structure of protein

**11.** Half-life ($t_{1/2}$) of a first order reaction is 1386 s. The value of rate constant is :

(A) $0{\cdot}5 \times 10^4\ s^{-1}$

(B) $5{\cdot}0 \times 10^{-4}\ s^{-1}$

(C) $0{\cdot}5 \times 10^{-5}\ s^{-1}$

(D) $0{\cdot}5 \times 10^{-2}\ s^{-1}$

**12.** Which of the following ligands forms a chelate complex ?

(A) Ammonia

(B) Water

(C) $NO_2^-$

(D) Oxalate ion

***प्रश्न संख्या 13 से 16 के लिए, दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।***

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**13.** *अभिकथन (A) :* फ़ीनॉल की अपेक्षा p-नाइट्रोफ़ीनॉल अधिक अम्लीय होता है ।

*कारण (R) :* नाइट्रो समूह इलेक्ट्रॉन-अपनयक समूह होता है, यह ऋण आवेश का विस्थानन करके फ़ीनॉक्साइड आयन को स्थायी बना देता है ।

**14.** *अभिकथन (A) :* सभी ऐलिफैटिक ऐल्डिहाइड धनात्मक फेलिंग परीक्षण देते हैं ।

*कारण (R) :* ऐलिफैटिक ऐल्डिहाइड फेलिंग अभिकर्मक द्वारा अपचित हो जाते हैं ।

**15.** *अभिकथन (A) :* D (+) – ग्लूकोस की प्रकृति दक्षिण ध्रुवण-घूर्णक है ।

*कारण (R) :* (+) दक्षिण ध्रुवण-घूर्णक प्रकृति को निरूपित करता है तथा D विन्यास को निरूपित करता है ।

**16.** *अभिकथन (A) :* संक्रमण तत्त्वों की प्रथम श्रेणी में Mn की उच्चतम ऑक्सीकरण अवस्था +7 है ।

*कारण (R) :* संक्रमण धातुएँ परिवर्तनीय ऑक्सीकरण अवस्थाएँ प्रदर्शित करते हैं ।

## खण्ड ख

**17.** (क) सूक्रोस के जल-अपघटन पर क्या उत्पाद प्राप्त होते हैं ?

(ख) आवश्यक ऐमीनो अम्ल क्या हैं ? *1+1*

**18.** (क) श्रवण यंत्रों और घड़ियों में प्रयुक्त सेल का नाम लिखिए ।

(ख) चालकता को परिभाषित कीजिए । किसी आयनिक विलयन के प्रतिरोध को मापने के लिए दिष्ट धारा (DC) क्यों नहीं प्रयुक्त की जाती है ? *1+1*

***For Questions number 13 to 16, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.***

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**13.** *Assertion (A) :* p-nitrophenol is more acidic than phenol.

*Reason (R) :* Nitro group is an electron-withdrawing group, it stabilises phenoxide ion by dispersal of negative charge.

**14.** *Assertion (A) :* All aliphatic aldehydes give a positive Fehling's test.

*Reason (R) :* Aliphatic aldehydes are reduced by Fehling's reagent.

**15.** *Assertion (A) :* D (+) – Glucose is dextrorotatory in nature.

*Reason (R) :* (+) represents dextrorotatory nature and D represents the configuration.

**16.** *Assertion (A) :* Highest oxidation state of Mn is +7 in first series of transition elements.

*Reason (R) :* Transition metals exhibit variable oxidation states.

## SECTION B


**17.** (a) What are the products obtained on hydrolysis of sucrose ?

(b) What are essential amino acids ? *1+1*

**18.** (a) Name the cell used in hearing aids and watches.

(b) Define conductivity. Why is direct current (DC) not used for the measurement of resistance of an ionic solution ? *1+1*

**19.** (क) समीकरण को पूर्ण कीजिए :



(ख) आप क्लोरोबेन्ज़ीन का p-क्लोरोऐनिलीन में रूपान्तरण कैसे करेंगे ? *1+1*

**20.** (क) ट्राइक्लोरोऐसीटिक अम्ल के 1·00 मोलल जलीय विलयन को उसके क्वथनांक तक गर्म किया जाता है। इस विलयन का क्वथनांक 100·18°C पाया गया। ट्राइक्लोरोऐसीटिक अम्ल के लिए वान्ट हॉफ गुणक का परिकलन कीजिए। *2*

(दिया गया है : जल के लिए $K_b = 0{\cdot}512 \text{ K kg mol}^{-1}$)

**अथवा**

(ख) हेनरी का नियम बताइए। 298 K और 760 mm Hg दाब पर $CO_2$ का जल में मोल अंश परिकलित कीजिए। *2*

(दिया गया है : 298 K पर जल में $CO_2$ के लिए $K_H = 1{\cdot}25 \times 10^6$ mm Hg)

**21.** (क) विटामिन A की कमी से होने वाले रोग का नाम बताइए।

(ख) आप कैसे पुष्टि करेंगे कि ग्लूकोस में कार्बोनिल समूह ऐल्डिहाइडी समूह के रूप में उपस्थित है ? *1+1*

## खण्ड ग

**22.** निम्नलिखित सेल का 298 K पर वि.वा. बल (emf) परिकलित कीजिए : *3*

$$Zn\,(s)\,|\,Zn^{2+}(aq)\,(0{\cdot}1\text{ M})\,||\,Ag^{+}(aq)\,(0{\cdot}01\text{ M})\,|\,Ag\,(s)$$

(दिया गया है : $E^o_{Zn^{2+}/Zn} = -\,0{\cdot}76$ V, $E^o_{Ag^+/Ag} = +\,0{\cdot}80$ V, [log 10 = 1])

**23.** (क) अभिक्रिया कोटि को परिभाषित कीजिए।


(ख) अभिक्रिया : $A + B \rightarrow C$ के लिए वेग दिया गया है :

वेग = $k[A][B]^2$

(i) यदि B की सांद्रता दुगुनी कर दी जाए, तो अभिक्रिया वेग कैसे प्रभावित होगा ?

(ii) यदि 'A' बहुत अधिक मात्रा में उपस्थित है, तो अभिक्रिया की समग्र कोटि लिखिए। *1+2=3*

**19.** (a) Complete the equation :



(b) How will you convert chlorobenzene to p-chloroaniline ? *1+1*

**20.** (a) 1·00 molal aqueous solution of trichloroacetic acid is heated to its boiling point. Boiling point of this solution was found to be 100·18°C. Calculate the van't Hoff factor for trichloroacetic acid. (Given : $K_b$ for water = 0·512 K kg $mol^{-1}$) *2*

**OR**

(b) State Henry's law. Calculate the mole fraction of $CO_2$ in water at 298 K under 760 mm Hg.

(Given : $K_H$ for $CO_2$ in $H_2O$ at 298 K = $1{\cdot}25 \times 10^6$ mm Hg) *2*

**21.** (a) Name the disease caused by the deficiency of Vitamin A.

(b) How will you confirm the presence of carbonyl group as an aldehydic group in glucose ? *1+1*

## SECTION C

**22.** Calculate emf of the following cell at 298 K : *3*

$$Zn\ (s)\,|\,Zn^{2+}(aq)\ (0{\cdot}1\ M)\,||\,Ag^{+}(aq)\ (0{\cdot}01\ M)\,|\,Ag\ (s)$$

(Given : $E^o_{Zn^{2+}/Zn} = -\,0{\cdot}76$ V, $E^o_{Ag^+/Ag} = +\,0{\cdot}80$ V, [log 10 = 1])

**23.** (a) Define order of a reaction.

(b) The rate for the following reaction is given by : $A + B \rightarrow C$

$$Rate = k[A][B]^2$$

(i) How is the rate of reaction affected if we double the concentration of B ?

(ii) Write the overall order of a reaction if 'A' is present in large excess. *1+2=3*

**24.** ताप में 300 K से 320 K तक वृद्धि करने पर किसी विशेष अभिक्रिया का वेग चार गुना हो जाता है। इस अभिक्रिया के लिए सक्रियण ऊर्जा ($E_a$) की गणना यह मानते हुए कीजिए कि इसका मान ताप के साथ परिवर्तित नहीं होता। *3*

(दिया गया है : $\log 4 = 0{\cdot}60$, $R = 8{\cdot}314\ JK^{-1}\ mol^{-1}$)

**25.** (क) दिए गए संकुल का IUPAC नाम लिखिए : *1*

$K_2[Zn(OH)_4]$

(ख) द्वि-लवण तथा संकुल में अंतर स्पष्ट कीजिए। *1*

(ग) निम्नलिखित संकुल द्वारा प्रदर्शित समावयवता के प्रकार का उल्लेख कीजिए : *1*

$[Pt(NH_3)\ (H_2O)\ Cl_2]$

**26.** (क) एक उपसहसंयोजन यौगिक $CrCl_3 \cdot 6H_2O$ को $AgNO_3$ विलयन के आधिक्य के साथ मिलाने पर यौगिक के प्रति मोल के लिए AgCl के तीन मोल अवक्षेपित होते हैं। उपसहसंयोजन यौगिक का संरचनात्मक सूत्र लिखिए। *1*

(ख) दिए गए संकुल $[Cr(NH_3)_6]^{3+}$ के लिए केंद्रीय धातु की ऑक्सीकरण अवस्था तथा संकरण लिखिए। [परमाणु क्रमांक : Cr = 24] *1*

(ग) $[Sc(H_2O)_6]^{3+}$ रंगहीन क्यों है ? *1*

**27.** आप निम्नलिखित रूपान्तरण को कैसे करेंगे ? *3*

(क) बेन्ज़ीन से m-नाइट्रोऐसीटोफ़ीनोन

(ख) ब्रोमोबेन्ज़ीन से 1-फ़ेनिलएथेनॉल

(ग) ब्यूट-3-ईन-2-ऑन से प्रोप-2-ईन-1-ओइक अम्ल

**28.** (क) (i) निम्नलिखित यौगिकों को उनकी अम्ल प्रबलता के बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

$$CH_3\underset{\substack{|\\ Br}}{C}HCH_2COOH,\quad CH_3-\underset{\substack{|\\ CH_3}}{CH}-COOH,\quad CH_3CH_2\underset{\substack{|\\ Br}}{C}HCOOH$$

**24.** The rate of a particular reaction quadruples when the temperature increases from 300 K to 320 K. Calculate the energy of activation ($E_a$) of the reaction assuming that it does not change with temperature. *3*

(Given : log 4 = 0·60, R = 8·314 $JK^{-1}\ mol^{-1}$)

**25.** (a) Write the IUPAC name of the given complex : *1*

$K_2[Zn(OH)_4]$

(b) Differentiate between a double salt and a complex. *1*

(c) Mention the type of isomerism exhibited by the following complex : *1*

$[Pt(NH_3)(H_2O)Cl_2]$

**26.** (a) A coordination compound $CrCl_3 . 6H_2O$ is mixed with excess of $AgNO_3$ solution, three moles of AgCl are precipitated per mole of the compound. Write the structural formula of the coordination compound. *1*

(b) Write the oxidation state and hybridisation of the central metal in the given complex : $[Cr(NH_3)_6]^{3+}$. [Atomic number : Cr = 24] *1*

(c) Why is $[Sc(H_2O)_6]^{3+}$ colourless ? *1*

**27.** How do you convert the following ? *3*

(a) Benzene to m-Nitroacetophenone

(b) Bromobenzene to 1-Phenylethanol

(c) But-3-en-2-one to Prop-2-en-1-oic acid

**28.** (a) (i) Arrange the following compounds in increasing order of their acidic strengths :

$CH_3\underset{\substack{|\\Br}}{CH}CH_2COOH$, $CH_3-\underset{\substack{|\\CH_3}}{CH}-COOH$, $CH_3CH_2\underset{\substack{|\\Br}}{CH}COOH$

(ii) ऐसीटोन की अपेक्षा $CH_3CHO$, HCN के साथ अभिक्रिया के प्रति अधिक अभिक्रियाशील क्यों है ?

(iii) समीकरण को पूर्ण कीजिए :

$$\begin{matrix} CH_3 \\ H \end{matrix} \!\!> C = O + NH_2 - NH_2 \xrightarrow{H^+}$$ *1+1+1=3*

**अथवा**

(ख) एक कार्बनिक यौगिक जिसका आण्विक सूत्र $C_8H_8O$ है, 2,4-DNP व्युत्पन्न बनाता है, टॉलेन्स अभिकर्मक को अपचित करता है तथा कैनिज़ारो अभिक्रिया देता है । प्रबल ऑक्सीकरण से यह बेन्ज़ीन-1,2-डाइकार्बोक्सिलिक अम्ल देता है । यौगिक को पहचानिए तथा अभिक्रियाएँ लिखिए जब यौगिक 2,4-DNP के साथ अभिक्रिया करता है तथा जब यह कैनिज़ारो अभिक्रिया देता है । *3*

## खण्ड घ

*निम्नलिखित प्रश्न केस-आधारित प्रश्न हैं । केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**29.** 413 K पर प्रोटिक अम्लों की उपस्थिति में ऐल्कोहॉलों के निर्जलन द्वारा ईथरों का विरचन किया जाता है । सममित तथा असममित ईथरों का विरचन विलियम्सन संश्लेषण विधि द्वारा भी किया जा सकता है । इस अभिक्रिया में प्राथमिक ऐल्किल हैलाइड पर ऐल्कॉक्साइड आयन का $S_N2$ आक्रमण होता है । यदि तृतीयक ऐल्किल हैलाइड का उपयोग किया जाए, तो विलोपन अभिक्रिया होती है तथा ऐल्कीन बनती है एवं कोई ईथर नहीं बनती । ईथरों में C – O आबंध का विदलन उग्र परिस्थितियों में HI के आधिक्य में होता है । जब असममित ईथर HI के साथ अभिक्रिया करते हैं, तो लघुतर ऐल्किल समूह से ऐल्किल हैलाइड बनते हैं । जब इनमें से एक ऐल्किल समूह तृतीयक समूह होता है, तो ऐल्किल हैलाइड तृतीयक ऐल्किल समूह से बनता है, क्योंकि प्राथमिक कार्बोकैटायन की अपेक्षा तृतीयक ऐल्किल कार्बोकैटायन अधिक स्थायी होता है । ऐरिल-ऑक्सीजन आबंध के अधिक स्थायी होने के कारण ऐल्किल ऐरिल ईथर का ऐल्किल-ऑक्सीजन आबंध विदलित होता है । हाइड्रोजन हैलाइडों की अभिक्रियाशीलता का क्रम है : HI > HBr > HCl । ऐरोमैटिक ईथर इलेक्ट्रॉनरागी प्रतिस्थापन अभिक्रियाएँ देते हैं । ऐरोमैटिक वलय से जुड़ा ऐल्कॉक्सी समूह इलेक्ट्रॉनरागी प्रतिस्थापन के प्रति वलय को सक्रिय बनाता है तथा प्रवेश करने वाले समूह को ऑर्थो- एवं पैरा-स्थितियों की ओर निर्दिष्ट करता है ।

(ii) Why is $CH_3CHO$ more reactive than acetone towards reaction with HCN ?

(iii) Complete the equation :

$$\begin{matrix} CH_3 \\ H \end{matrix} \!\!\!>\! C = O + NH_2 - NH_2 \xrightarrow{H^+}$$

*1+1+1=3*

**OR**

(b) An organic compound with the molecular formula $C_8H_8O$ forms 2,4-DNP derivative, reduces Tollens' reagent and undergoes Cannizzaro reaction. On vigorous oxidation it gives Benzene-1,2-dicarboxylic acid. Identify the compound and write the reactions of compound 2,4-DNP and when it undergoes Cannizzaro reaction. *3*


## SECTION D


*The following questions are Case-based questions. Read the case carefully and answer the questions that follow.*

**29.** Ethers are prepared by the dehydration of alcohols in presence of protic acids at 413 K. Symmetrical and unsymmetrical ethers can also be prepared by Williamson synthesis. This reaction involves $S_N2$ attack of an alkoxide ion on primary alkyl halide. If a tertiary alkyl halide is used, elimination reaction occurs and an alkene is formed, no ether is formed. C – O bond in ethers are cleaved under drastic conditions with excess of HI. When unsymmetrical ethers react with HI, the alkyl halide is formed from smaller alkyl group. If one of the alkyl group is tertiary, the alkyl halide is formed from the tertiary alkyl group because tertiary alkyl carbocation is more stable than the primary carbocation. Cleavage of alkyl aryl ethers takes place at the alkyl-oxygen bond due to more stable aryl-oxygen bond. The order of reactivity of hydrogen halides is HI > HBr > HCl. Aromatic ethers undergo electrophilic substitution reactions. The alkoxy group attached to the aromatic ring activates the ring towards electrophilic substitution and directs the incoming group to ortho- and para-positions.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित समीकरणों को पूर्ण कीजिए : *2*

(i)  $+ CH_3Cl \xrightarrow[CS_2]{\text{निर्जल } AlCl_3}$

(ii)  $\xrightarrow{\text{सांद्र } (HNO_3 + H_2SO_4)}$

(ख) (i) तृतीयक-ब्यूटिल एथिल ईथर बनाने के लिए प्रयुक्त ऐल्किल हैलाइड तथा सोडियम ऐल्कॉक्साइड के नाम लिखिए। *1*

**अथवा**

(ख) (ii) HI के साथ अभिक्रिया करने पर ऐनिसोल, फ़ीनॉल और $CH_3 - I$ देता है, न कि मेथैनॉल और आयोडोबेंज़ीन। इस कथन की पुष्टि कीजिए। *1*

(ग) ईथरों में $C - O - C$ आबंध कोण चतुष्फलकीय आबंध कोण से थोड़ा बड़ा होता है। क्यों ? *1*

**30.** विद्युत-रसायन, रासायनिक ऊर्जा एवं विद्युतीय ऊर्जा के मध्य संबंध का अध्ययन है। बहुत-सी स्वतः प्रवर्तित रासायनिक अभिक्रियाएँ विद्युतीय ऊर्जा निर्गमित करती हैं। विद्युत-अपघटन में, विद्युतीय ऊर्जा सीधे रासायनिक ऊर्जा में रूपान्तरित हो जाती है। विद्युत-अपघटनी अभिक्रिया के उत्पाद अपघटित होने वाले पदार्थों की अवस्था तथा प्रयुक्त इलेक्ट्रोडों के प्रकार पर निर्भर करते हैं। विद्युत-अपघटन के उत्पाद विद्युत-अपघटनी सेल में उपस्थित विभिन्न ऑक्सीकारक एवं अपचायक स्पीशीज़ एवं उनके मानक इलेक्ट्रोड विभवों पर भी निर्भर करते हैं। अधिकांश व्यक्तियों के दैनिक जीवन में विद्युत-अपघटन की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, जैसे ऐलुमिनियम का निर्माण, धातुओं का विद्युत-लेपन, अथवा रासायनिक यौगिकों का संश्लेषण।


माइकल फैराडे प्रथम वैज्ञानिक थे, जिन्होंने विद्युत-अपघटन के दो नियमों को प्रस्तावित किया, जिनके द्वारा विद्युत-अपघटन के मात्रात्मक पक्षों की व्याख्या की गई, जिन्हें सामान्यतया फैराडे के विद्युत-अपघटन के नियमों द्वारा जाना जाता है। फैराडे के विद्युत-अपघटन के नियमों ने इलेक्ट्रोडों पर निक्षेपित द्रव्यमान तथा उनमें प्रवाहित आवेश की मात्रा के लिए गणितीय विश्लेषण का आधार दिया।

विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए फैराडे के नियम मौलिक हैं जैसे विद्युत-लेपन, धातु निष्कर्षण, बैटरी तकनीकी तथा रासायनिक संश्लेषण। ये नियम पर्यावरणीय मानीटरन एवं विभिन्न रसायन प्रयोगों में भी सहायता करते हैं।


Answer the following questions :

(a) Complete the following equations : *2*

(i)




(ii)




(b) (i) Write the names of alkyl halide and sodium alkoxide used to prepare tert-butyl ethyl ether. *1*

**OR**

(b) (ii) Anisole on reaction with HI gives phenol and $CH_3 - I$ and not methanol and iodobenzene. Justify the statement. *1*

(c) Why is C – O – C bond angle in ethers slightly greater than tetrahedral angle ? *1*

**30.** Electrochemistry is the study of the relationship between chemical energy and electrical energy. Many spontaneously occurring chemical reactions liberate electrical energy. In electrolysis, electrical energy is converted directly into chemical energy. The product of an electrolytic reaction depends on the nature of the material being electrolysed and the type of electrode used. Oxidising and reducing species present in the electrolytic cell and their standard electrode potential too, affect the products of electrolysis. Electrolysis plays an important role in most people's daily lives, whether it is for the manufacturing of aluminium, electroplating of metals, or the synthesis of chemical compounds.

Michael Faraday was the first scientist who proposed two laws to explain the quantitative aspects of electrolysis, popularly known as Faraday's laws of electrolysis. Faraday's laws of electrolysis provide a basis for mathematical analysis of the mass deposited at electrodes and the amount of charge passed through them.

Faraday's laws are fundamental in various applications, including electroplating, metal extraction, battery technology and chemical synthesis. These laws also help in environmental monitoring and in various chemistry experiments.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित में से प्रत्येक के लिए विद्युत-अपघटन से प्राप्त उत्पादों की प्रागुक्ति कीजिए : *2*

(i) प्लैटिनम इलेक्ट्रोडों के साथ $CuCl_2$ का जलीय विलयन।

(ii) प्लैटिनम इलेक्ट्रोडों के साथ $H_2SO_4$ का सांद्र विलयन।

(ख) (i) 1 मोल $Ag^+$ आयन को Ag में अपचयित करने के लिए फैराडे में कितने आवेश की आवश्यकता होगी ? *1*

**अथवा**

(ख) (ii) फैराडे के विद्युत-अपघटन का द्वितीय नियम बताइए। *1*

(ग) जलीय सोडियम क्लोराइड विलयन के विद्युत-अपघटन के दौरान ऐनोड पर निम्नलिखित अभिक्रियाएँ होती हैं :

$$Cl^-(aq) \longrightarrow \frac{1}{2}Cl_2(g) + e^- \quad E^o_{(\text{सेल})} = 1{\cdot}36\ V \qquad (I)$$

$$2H_2O(l) \longrightarrow O_2(g) + 4H^+(aq) + 4e^- \quad E^o_{(\text{सेल})} = 1{\cdot}23\ V \qquad (II)$$

ऐनोड पर कौन-सी अभिक्रिया संभाव्य है और क्यों ? *1*

## खण्ड ङ

**31.** (क) (i) (I) संक्रमण धातु परिवर्तनीय ऑक्सीकरण अवस्थाएँ क्यों दर्शाते हैं ? *1*

(II) $Mn^{2+}$ तथा $Ti^{2+}$ में से कौन-सा अधिक अनुचुंबकीय होगा और क्यों ? [परमाणु क्रमांक : Ti = 22, Mn = 25] *1*

(III) नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा आयन प्रबलतम ऑक्सीकारक है :

$Cr^{3+}$, $V^{3+}$, $Mn^{3+}$

कारण दीजिए। *1*

[परमाणु क्रमांक : Cr = 24, V = 23, Mn = 25]

(ii) निम्नलिखित समीकरणों को पूर्ण एवं संतुलित कीजिए : *1+1*

(I) $2MnO_2 + 4KOH + O_2 \longrightarrow$

(II) $5C_2O_4^{2-} + 2MnO_4^- + 16H^+ \longrightarrow$

**अथवा**

Answer the following questions :

(a) Predict the products of electrolysis in each of the following : *2*

(i) An aqueous solution of $CuCl_2$ with platinum electrodes.

(ii) A concentrated solution of $H_2SO_4$ with platinum electrodes.

(b) (i) How much charge in faraday is required for the reduction of 1 mol of $Ag^+$ to Ag ? *1*

**OR**

(b) (ii) State Faraday's second law of electrolysis. *1*

(c) The following reactions occur at the anode during the electrolysis of aqueous sodium chloride solution :

$$Cl^- (aq) \longrightarrow \frac{1}{2} Cl_2 (g) + e^- \quad E^o_{(cell)} = 1{\cdot}36 \text{ V} \qquad \text{(I)}$$

$$2H_2O (l) \longrightarrow O_2 (g) + 4H^+ (aq) + 4e^- \quad E^o_{(cell)} = 1{\cdot}23 \text{ V} \qquad \text{(II)}$$

Which reaction is feasible at the anode and why ? *1*

## SECTION E

**31.** (a) (i) (I) Why do transition metals show variable oxidation states ? *1*

(II) Out of $Mn^{2+}$ and $Ti^{2+}$ which will be more paramagnetic and why ? [Atomic No. : Ti = 22, Mn = 25] *1*

(III) Which ion is the strongest oxidising agent in the options given below :

$Cr^{3+}$, $V^{3+}$, $Mn^{3+}$

Give reason. *1*

[Atomic No. : Cr = 24, V = 23, Mn = 25]

(ii) Complete and balance the following equations : *1+1*

(I) $2MnO_2 + 4KOH + O_2 \longrightarrow$

(II) $5C_2O_4^{2-} + 2MnO_4^- + 16H^+ \longrightarrow$

**OR**

(ख) (i) लैंथेनॉइड आकुंचन से क्या अभिप्राय है ?

(ii) संक्रमण धातु रंगीन यौगिक क्यों बनाते हैं ?

(iii) Mn तथा Zn के लिए $E^o_{M^{2+}/M}$ मान अपेक्षा से अधिक ऋणात्मक क्यों होते हैं ?

(iv) Cu की सर्वाधिक स्थायी ऑक्सीकरण अवस्था कौन-सी है और क्यों ?

(v) जलीय विलयन में $Ce^{4+}$ क्यों एक अच्छा ऑक्सीकारक है ? *5×1=5*

**32.** (क) (i) (I) निम्नलिखित में से कौन-सा $S_N1$ अभिक्रिया के प्रति अधिक अभिक्रियाशील है :

2-ब्रोमो-2-मेथिलब्यूटेन अथवा 1-ब्रोमोपेंटेन *1*

(II) निम्नलिखित यौगिक में किस प्रकार का हैलाइड उपस्थित है : *1*

$$CH_3 - \underset{\displaystyle CH_3}{\underset{|}{CH}} - \underset{\displaystyle Cl}{\underset{|}{C}} = CH_2$$

(III) क्लोरोफॉर्म का भंडारण गहरे रंग की बोतलों में क्यों किया जाता है ? *1*

(ii) निम्नलिखित पदों की परिभाषा लिखिए : *1+1*

(I) उभदंती नाभिकरागी

(II) रेसिमिक मिश्रण

**अथवा**

(ख) (i) निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(I) $C_4H_9Br$ का कौन-सा समावयव $S_N1$ अभिक्रिया के प्रति सर्वाधिक अभिक्रियाशील है ?

(II) 1-ब्रोमो-1-मेथिलसाइक्लोहेक्सेन के विहाइड्रोहैलोजनन द्वारा बनने वाले ऐल्कीन की प्रागुक्ति कीजिए।

(III) क्लोरीन यद्यपि प्रबल – I प्रभाव दिखाता है, फिर भी यह ऐरोमैटिक इलेक्ट्रॉनरागी प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं में ऑर्थो- तथा पैरा-निर्देशक है। क्यों ?

(b) (i) What is meant by lanthanoid contraction ?

(ii) Why do transition metals form coloured compounds ?

(iii) Why are $E^{o}_{M^{2+}/M}$ values for Mn and Zn more negative than expected ?


(iv) Which is the most stable oxidation state of Cu and why ?

(v) Why is $Ce^{4+}$ in aqueous solution a good oxidising agent ? *5×1=5*

**32.** (a) (i) (I) Which of the following is more reactive towards $S_N1$ reaction : *1*

2-Bromo-2-methylbutane or 1-Bromopentane

(II) What type of halide is present in the following compound : *1*



(III) Why is chloroform stored in dark coloured bottles ? *1*

(ii) Define the following terms : *1+1*

(I) Ambident Nucleophiles

(II) Racemic mixture

**OR**


(b) (i) Answer the following :


(I) Which isomer of $C_4H_9Br$ is most reactive towards $S_N1$ reaction ?

(II) Predict the alkene that would be formed by dehydrohalogenation of 1-Bromo-1-methylcyclohexane.

(III) Although chlorine shows strong – I effect, yet it is ortho/para-directing in electrophilic aromatic substitution reactions. Why ?

(ii) निम्नलिखित अभिक्रियाओं में मुख्य उत्पाद लिखिए :

(I) 


(II) 


*3+2*

**33.** (क) (i) 250 g जल में 10·5 g $MgBr_2$ को घोलने पर बनने वाले विलयन का हिमांक, यह मानते हुए परिकलित कीजिए कि $MgBr_2$ पूर्णत: वियोजित हो गया है। *3*

(दिया गया है : $MgBr_2$ का मोलर द्रव्यमान = 184 g $mol^{-1}$,

जल के लिए $K_f$ = 1·86 K kg $mol^{-1}$)

(ii) आदर्श तथा अनादर्श विलयन के मध्य दो अंतर लिखिए। *1+1*

**अथवा**


(ख) (i) 2 लीटर जल में 27°C पर 0·025 g पोटैशियम सल्फेट को घोलकर एक विलयन बनाया गया। इसका परासरण दाब, यह मानते हुए ज्ञात कीजिए कि पोटैशियम सल्फेट पूर्णत: वियोजित हो गया है। *3*


(दिया गया है : R = 0·082 L atm $K^{-1}$ $mol^{-1}$,

$K_2SO_4$ का मोलर द्रव्यमान = 174 g $mol^{-1}$)

(ii) ऐसीटोन और क्लोरोफॉर्म के विलयन द्वारा किस प्रकार का स्थिरक्वाथी बनेगा ? कारण दीजिए। *2*

(ii) Write the major product in the following reactions :

(I) 

(II) 

*3+2*

**33.** (a) (i) Calculate the freezing point of a solution when 10·5 g of $MgBr_2$ was dissolved in 250 g of water, assuming $MgBr_2$ undergoes complete dissociation. *3*

(Given : Molar mass of $MgBr_2$ = 184 g $mol^{-1}$,
$K_f$ for water = 1·86 K kg $mol^{-1}$)

(ii) Write two differences between ideal and non-ideal solutions. *1+1*

**OR**

(b) (i) A solution is prepared by dissolving 0·025 g of potassium sulphate in 2 L of water at 27°C. Assuming potassium sulphate is completely dissociated, determine its osmotic pressure. *3*

(Given : R = 0·082 L atm $K^{-1}$ $mol^{-1}$,
Molar mass of $K_2SO_4$ = 174 g $mol^{-1}$)

(ii) What type of azeotrope will be formed by a solution of acetone and chloroform ? Give reason. *2*